प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को दी बधाई, कहा– पंचायती राज संस्थानों को मजबूत बनाने का कार्य जारी रखेगी सरकार।

2- पलामू संसदीय सीट से एनडीए के उम्मीदवार सह सांसद वीडी राम ने किया नामांकन, केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह और बाबूलाल मरांडी नामांकन प्रक्रिया में हुए शामिल।

3- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में फैसला नहीं सुनाये जाने पर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की लगायी गुहार।

4- राज्य के विभिन्न जिलों के शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास जारी, जागरूकता रैली, नुक्कड नाटक सहित कई तरीकों से लोगों को वोट के लिए किया जा रहा प्रेरित।

5- साहेबगंज में एसिड अटैक में चार लोग झुलसे, सभी पीड़ितों का अस्पताल में इलाज जारी, पुलिस ने जांच शुरू की, पीड़ितों का दर्ज कराया लिखित बयान।

**************************

देशभर में आज पंचायती राज दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ग्रामीण भारत में बदलाव लाने और लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वालों की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि सरकार पंचायती राज संस्थानों को मजबूत बनाने और लोगों के सपनों को पूरा करने का कार्य जारी रखेगी।

**************************

पलामू लोकसभा चुनाव के लिए आज भाजपा उम्मीदवार सह सांसद वीडी राम ने जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष नामांकन दाखिल किया। वे तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। 2014 एवं 2019 में भी वे सांसद चुने गए थे। वीडी राम के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रविन्द्र राय, आदित्य साहू, बालमुकुंद सहाय, मनोज सिंह, श्याम नारायण दुबे एवं अन्य नेता शामिल थे। इधर लोहरदगा सीट पर भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव भी आज नामांकन करेंगे। इसके अलावा कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चमरा लिंडा भी पर्चा दाखिल करेंगे।

**************************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में फैसला नहीं सुनाये जाने पर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगायी है। बता दें कि बडगाईं जमीन घोटाले के आरोप में इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में इडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराया। जिसके बाद अब श्री सोरेन ने अपनी जमानत को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

**************************

गिरिडीह में कल झामुमो की आयोजित बैठक में विभिन्न मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ने की रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में गिरिडीह के झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो की चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को झामुमो सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। इस सीट पर मथुरा महतो का सीधा मुकाबला एनडीए के चंद्रप्रकाश चौधरी के साथ है।

**************************

जामताड़ा जिले में आवश्यक सेवा से जुड़े कर्मियों को डाक मत पत्र के जरिए मतदान की सुविधा उपलब्ध दी जायेगी। जिला प्रशासन सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर रहा है। वरीय पदाधिकारी जुगनू मिंज ने कल इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों को सुविधा का लाभ लेने के लिए यथोचित प्रपत्र भरकर जिला जनसंपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराने की अपील की।

*************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*************************

लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत गुमला जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक कर रहा है। इस उद्देश्य से भारत स्काउट और गाईड के माध्यम से जागरूकता रैली निकाली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सहित अन्य वरीय अधिकारीयों ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस रैली में सैंकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

*************************

धनबाद जिले में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले के सोशल मीडिया प्रतिनिधि मतदाताओं को जागरूक करेंगे। जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिले के प्रमुख सोशल मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कहा कि लोगों तक किसी भी संदेश को पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया प्रभावशाली माध्यम है। उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में सोशल मीडिया के प्रतिनिधियों से अपनी–अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

*************************

पाकुड जिले में महुआ चुनने के लिए जंगलों में आग लगाने पर रोक लगाने की दिशा में वन विभाग लगातार कोशिश कर रहा है।

*************************

साहिबगंज जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में आज अहले सुबह एसिड अटैक की घटना में चार लोग झुलस गये हैं। इनमें फुलबनो बेवा, हसीना बीवी, आलम शेख और शबनम शामिल है। सभी लोग छत पर सोए हुए थे। तभी इस घटना को अंजाम दिया गया। मौके पर राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिलदेव और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और एसिड अटैक पीड़ितों को अस्पताल भेजा। इस दौरान सभी लोगों का लिखित बयान दर्ज कराया गया।

**************************

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कोयंबटूर–बरौनी के बीच स्पेशल ट्रेन को धनबाद होकर चलाया जाएगा। कोयंबटूर–बरौनी–कोयंबटूर स्पेशल काटपाड़ी, विजयवाड़ा, विजयनगरम, झारसुगुड़ा, रांची, बोकारो, धनबाद, मधुपुर, जसीडीह और किऊल होकर चलेगी। यह ट्रेन 23 अप्रैल से 25 जून 2024 तक हर मंगलवार को कोयंबटूर से 11 बजकर पचास मिनट पर खुलकर गुरुवार को सात बजकर 5 मिनट पर धनबाद पहुंचेगी और यहां से 7 बजकर 15 मिनट पर आगे के लिए प्रस्थान करेगी। वापसी में बरौनी–कोयंबटूर प्रत्येक शुक्रवार को 28 जून तक बरौनी से रात 11 बजकर 45 मिनट पर खुलेगी और शनिवार को धनबाद पहुंचेगी।

**************************

- यूपीएससी की परीक्षा पास करने के बाद सिद्धान्त कुमार अपने घर कोडरमा के झूमरीतिलैया पहुँचे। जहाँ लोगों ने उनका स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
- गोड्डा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सिमरडा गांव में कल रात एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग में दो युवकों को गोली लग गई।घायलों का उपचार गोड्डा सदर अस्पताल में कर भागलपुर रेफर कर दिया गया। गोड्डा एसडीपीओ मामले की जांच कर रहे हैं।
- देवघर पुलिस ने कल किशनपुर गांव में छापेमारी कर हथियारों की तस्करी का खुलासा किया। पुलिस ने राबिया खातून के घर में छिपाकर रखे दो देसी कट्टा और चार जिंदा गोली बरामद किया है। हथियारों को जमुई और मुंगेर से मंगाया जाता था।

**********समाप्त***************